रविवार, 13 दिसंबर 2015
हिन्दुस्तान 24
रांची LIVE सिटी

कॉमर्स कॉलेज से एमओयू करेगा आईसीएसआई

रांची | वरीय संवाददाता

द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआइ) के अध्यक्ष अतुल एच मेहता ने कहा कि रांची में आइसीएसआइ का फुल टाइम कॉलेज शुरू किया जाएगा।

वर्तमान में रांची में आइसीएसआइ के दो हजार विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ायी जाएगी। ऐसी व्यवस्था की गई है कि प्लस टू के बाद भी बच्चे यह कोर्स कर सकते हैं। एक स्थानीय होटल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस कोर्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कॉलेज व स्कूलों में अभियान चला रहे हैं। आने वाले समय में कॉमर्स कॉलेज के साथ एमओयू किया जाएगा। बच्चे बीकॉम के साथ-साथ सीए का भी कोर्स कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 118(10) के तहत हर कंपनी को बोर्ड की बैठक के लिए विनिर्दिष्ट करता है। इस संबंध में निर्देश इंस्टीट्यूशन ऑफ कंपनी सेक्रेटीज ऑफ इंडिया द्वारा दे दिया गया है। उक्त निर्देश प्रत्येक कंपनियों पर लागू होगा। एक जुलाई 2015 से यह नियम लागू कर दिया गया है। आइसीएसआइ तथा पेशावर कंपनी सेक्रेट्रीज के लिए यह एक वृहत मान्यता है, ताकि कंपनी सेक्रेट्रीज रोजगार सामग्री तथा अभ्यास में सचिविक मान्य के अनुपालन को सुनिश्चित करें। मौके पर सुनीता मोहंती, राजीव रंजन समेत अन्य मौजूद थे।